C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER


RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 89 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 15 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# जयपुर में दर्दनाक सड़क हादसाः फुलियाकलां के सात लोगों की मौत

## हरिद्वार से लौटते समय रिंग रोड पर कार अंडरपास में गिरी, दो बच्चों सहित सभी की मौके पर ही मौत








**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा/जयपुर**

**पेसवानी।** जयपुर में रविवार अलसुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे ने फुलियाकलां के दो परिवारों का संसार उजाड़ दिया। हरिद्वार से अस्थि विसर्जन कर लौट रही कार बेकाबू होकर रिंग रोड के प्रहलादपुरा के पास डिवाइडर से टकराई और लगभग 16 फीट नीचे पानी से भरे अंडरपास में जा गिरी। यह दर्दनाक हादसा शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में हुआ। रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे राहगीरों ने पानी में उलटी पड़ी क्षतिग्रस्त कार को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से करीब एक घंटे के प्रयास के बाद कार को बाहर निकाला। कार का दरवाजा खोलने पर अंदर से दो बच्चों सहित सात लोगों के शव बरामद हुए। शवों को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया।

शिवदासपुरा थाना प्रभारी सुरेंद्र सैनी ने बताया कि मृतकों में सांगानेर वाटिका निवासी रामराज वैष्णव (38), उनकी पत्नी मधु (36) और 14 माह का बेटा रुद्र शामिल हैं। ये मूल रूप से फुलियाकलां के पास मोतीपुरा गांव के रहने वाले थे। इसके अलावा फुलियाकलां निवासी अशोक वैष्णव उर्फ कालूराम (47), उनकी पत्नी सीमा (45), बेटा रोहित (23) और तीन वर्षीय पोता गजराज की भी मौत हुई।

परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को कालूराम वैष्णव के पिता गोपालदास के निधन के बाद दोनों परिवार अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार गए थे। लौटते समय जयपुर होते हुए पुष्कर जा रहे थे। मोबाइल बंद होने के कारण परिवारजन मानकर चल रहे थे कि सभी सुरक्षित पहुंच गए होंगे, लेकिन हादसे की खबर ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कार तेज रफ्तार में थी और चालक को झपकी आने से नियंत्रण बिगड़ने से हादसा होने की आशंका है। घटना के समय अंधेरा था और आसपास कोई अन्य वाहन नहीं था, जिससे तुरंत सूचना नहीं मिल सकी।

सोमवार सुबह फुलियाकलां गांव में मृतकों का सामूहिक अंतिम संस्कार किया जाएगा। शाहपुरा विधायक डॉ. लाला राम बैरवा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए परिजनों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। जयपुर, फुलियाकलां और आसपास के क्षेत्रों में इस दर्दनाक घटना से शोक की लहर है। लोग दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकग्रस्त परिवारों को धैर्य देने की प्रार्थना कर रहे हैं।

### डोटासरा चरित्रहीन गैंग के सरगना" मदन दिलावर

# विधानसभा कैमरा विवाद पर शिक्षा मंत्री का पलटवार, कहा- आरोप झूठे और सियासी फायदे के लिए

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान विधानसभा में अतिरिक्त कैमरे लगाने को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आरोपों पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने तीखा पलटवार किया। दिलावर ने डोटासरा को ÷चरित्रहीन गैंग÷ का सरगना करार देते हुए कहा कि उनके बयान पूरी तरह निराधार और सियासी ड्रामा हैं।

दिलावर ने कहा कि राहुल गांधी महिलाओं को किस करते हैं और डोटासरा उसी गैंग का हिस्सा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपने चरित्र पर झांकें। भंवरी कांड और अजमेर ब्लैकमेल प्रकरण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों के पीछे कांग्रेस के लोग ही रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधानसभा में लगे कैमरे तो सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए हैं। लोकसभा और कांग्रेस कार्यालयों में भी कैमरे लगे होते हैं। क्या डोटासरा ने अपने दफ्तर में कैमरे इसलिए लगाए हैं कि वे महिला विधायकों या कार्यकर्ताओं के साथ अश्लील हरकतें देख सकें? – दिलावर ने सवाल उठाया।





उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की छवि का बचाव करते हुए कहा कि उन पर आरोप लगाना दुर्भावनापूर्ण है। देवनानी भाजपा के श्रेष्ठ नेताओं में से हैं, उनके चरित्र पर कोई दाग नहीं लग सकता।

भाजपा मंत्री ने डोटासरा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस झूठ फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। ऐसे बयानों से कांग्रेस की असलियत सामने आती है ।

# बनास नदी हादसा : लापता युवक का शव बरामद

## जहाजपुर में नहाते समय गहरे पानी में डूबे थे दो लोग



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

बनास नदी में शनिवार को डूबे दो युवकों में से एक का शव रविवार सुबह बरामद हुआ। शनिवार को ही चालक का शव निकाल लिया गया था, जबकि दूसरे युवक की तलाश देर रात तक जारी रही। रविवार सुबह 6 बजे करीब रेस्क्यू टीम ने युवक का शव घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर से निकाला। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पावटा गढ़ी, सवाई माधोपुर निवासी मोहिनिश खान (18) पुत्र उस्मान और बैर, भरतपुर निवासी मोहित (20) पुत्र भरतलाल पुजारी ट्रेलर में बजरी भरने जहाजपुर पंडेर के बीच बनास नदी पर पहुंचे थे। काम के दौरान वे नहाने के लिए नदी में उतरे, जहां गहरे पानी में चले जाने से दोनों डूब गए।

सूचना पर गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। मोहिनिश का शव शनिवार को कुछ घंटों बाद ही निकाल लिया गया, जबकि मोहित का शव रविवार सुबह मिला। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक, केसरपुरा में तीन घरों पर धावा



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। खजूरी गांव में चोरी की वारदात के बाद रविवार को केसरपुरा गांव में बदमाशों ने तीन मकानों को निशाना बनाकर चांदी के आभूषण उड़ा लिए। ग्रामीणों का कहना है कि वारदात को अंजाम देने के लिए तीन बदमाश बिना नंबर की बाइक से आए थे।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 3 बजे रजवास मार्ग पर स्थित एक सूने मकान के ताले तोड़कर बदमाशों ने बक्से में रखे करीब डेढ़ किलो चांदी के जेवर चुरा लिए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

वही शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले खजूरी गांव में भी चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया था।

# कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में शामिल होने आए फर्जी अभ्यर्थी को कोतवाली थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने रविवार को परीक्षा केंद्र से पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान धौलपुर जिले के बसेड़ी निवासी सुनील गुर्जर के रूप में हुई है, जो सेठ मुरलीधर मानसिंहका विद्यालय में आयोजित परीक्षा देने पहुंचा था।

जांच के दौरान ए आई तकनीकी से बायोमेट्रिक और फोटो मिलान में गड़बड़ी सामने आने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। आरोपी के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर कोतवाली ले जाया गया और बाद में आगे की कार्रवाई के लिए भरतपुर के मथुरा गेट थाने को सौंप दिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वो अन्य उम्मीदवार के नाम से परीक्षा देने आया था। उसने पहले भी कोटा स्थित



वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्री डीएलएड परीक्षा में भरतपुर के तरसुमा निवासी दीपक कुमार गुर्जर के नाम से परीक्षा दी थी । पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनील गुर्जर को यह काम भरतपुर निवासी हंसराज ने करने के लिए कहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं और उसने पहले कितनी परीक्षाओं में फर्जी तरीके से हिस्सा लिया।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# एनिकट में फिसली महिला, बचाने में तीन और उतरीं पानी में, सभी सुरक्षित

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ**

क्षेत्र में रविवार को एनिकट पर नहाने गई चार महिलाएं डूबने लगीं। एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में चारों पानी में जा समाईं, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार, डूबी महिलाओं में गीता (40) पत्नी भोला ढोली, राधा (35) पत्नी हरिओम ढोली, सोनू (31) पत्नी नंदलाल ढोली और रीना (30) पत्नी नरेंद्र ढोली शामिल हैं। ये सभी रविवार सुबह एनिकट पर नहाने गई थीं। इसी दौरान एक महिला फिसलकर गहरे पानी में चली गई, जिसे


प्रतीकात्मक इमेज

बचाने के प्रयास में अन्य तीन भी डूबने लगीं।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और चारों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बताया कि सभी महिलाएं अब खतरे से बाहर हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# बारिश के बाद सड़क कटाव से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त, बड़े हादसे का बना संकट

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**

कस्बे में गत दिनों हुई तेज बारिश के बाद स्कूल के पास बनी सीसी रोड पानी के तेज बहाव में बह जाने से आमजन का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इस दौरान रविवार सुबह एक ट्रैक्टर ट्रॉली उस क्षतिग्रस्त सड़क पर फंस गई। यदि समय पर सावधानी न बरती जाती, तो ट्रॉली पलटने से बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन गनीमत रही कि पलटी नहीं खाई और कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से ट्रैक्टर ट्रॉली को सुरक्षित बाहर निकाला।



स्थानीय निवासि अन्नू कुमार ने इस पूरे मामले को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि बारिश के कारण बनी यह सड़क समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है और आए दिन हादसों का खतरा मंडरा रहा है। विशेषकर छोटे-छोटे बच्चे हर समय दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बावजूद बार-बार प्रशासन को सूचित करने के बाद भी इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों को भी इस गंभीर समस्या से अवगत करवाया गया है, लेकिन फिलहाल कोई समाधान नहीं निकल सका है।

स्थानीय लोगों की मांग है कि तत्काल प्रशासन इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई कर समस्या समाधान करे ।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन, बड़ी संख्या में स्वयंसेवक हुए शामिल



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को कस्बे में भव्य पथ संचलन का आयोजन हुआ। संचलन की शुरुआत बाग के बाला जी मंदिर परिसर से की गई ।

संचलन कस्बे के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, बाईपास, गोल चबूतरा और नई आबादी से होकर गुजरा। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संचलन का समापन बाग के बाला जी मंदिर पर वापस पहुंचकर हुआ।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए संघ की 100 वर्षों की यात्रा, संगठन की राष्ट्रभक्ति, सेवा और अनुशासन की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज में एकता, समरसता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है।

# तहसील स्तरीय सतर्कता व आवंटन सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

## गिव अप अभियान में भीलवाड़ा राष्ट्रीय स्तर पर मॉडल, एनएफएसए लाभार्थियों को सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पेसवानी। जिला कलक्टर सभागार में रविवार को तहसील स्तरीय आवंटन सलाहकार समिति और खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सभी तहसीलों के समिति सदस्य, अधिकारी और विभागीय कार्मिक मौजूद रहे।

जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा ने समितियों के अधिकार, कर्तव्य व कार्यप्रणाली पर जानकारी दी और गिव अप अभियान की उपलब्धियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा ने इस अभियान में 1.55 लाख से अधिक अपात्र लोगों से स्वेच्छा से एनएफएसए लाभ त्याग करवाकर 2 लाख से ज्यादा पात्र लाभार्थियों को सूची में शामिल कराया।




बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़ी समस्याएं – राशन की कमी, कूपन त्रुटियां, नाम सुधार व शिकायत निवारण में विलंब – पर चर्चा हुई। मिश्रा ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और गिव अप अभियान को व्यापक रूप से प्रचारित करने की अपील की।

रसद विभाग के अधिकारी, प्रवर्तन निरीक्षक और समिति सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। सभी ने गिव अप अभियान को सामाजिक न्याय की दिशा में अहम कदम बताते हुए इसके लाभ समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# उदलियास में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला , लोगों ने की पुष्प वर्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

उदलियास में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार को पथ संचलन निकाला गया। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संचलन धर्म ध्वजा फहराकर उदलियास ग्रिड के पास स्थित मैदान से शुरू हुआ, जिसका समापन धर्माऊ तालाब की पाल पर हुआ। इसके बाद कार्यालय में संघ प्रचारक ने कार्यकर्ता को संबोधित किया। संचलन में उदलियास, कोदिया, लसाडिया, कोदूकोटा, ककरोलिया माफी, सातोला, सातोला का खेड़ा, सोमसियास, सरसडी, हरपुरा, हटूंडी, चतरपुरा सहित कई गांवों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।



# शक्करगढ़ सहित 6 मंडलों में धीरज गुर्जर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं संग बनाई आंदोलन की रणनीति

## 19 सितंबर को होगा जन अधिकार आंदोलन, पांच सूत्रीय मांगों पर सरकार से जवाब मांगा जाएगा

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने रविवार को शक्करगढ़, खजुरी, पीपलुंड समेत छह मंडलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर 19 सितंबर को भीलवाड़ा में होने वाले जन अधिकार आंदोलन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आंदोलन की रणनीति और जिम्मेदारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। बैठक में गुर्जर ने कहा कि यह आंदोलन राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों और आमजन के अधिकारों की अनदेखी के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को अतिवृष्टि और प्राकृतिक आपदाओं से हुए फसल नुकसान का समय पर मुआवजा दिलाने, न्यायालय आदेशों के बावजूद लंबित सरपंच पुनर्नियुक्ति मामलों का निस्तारण, पंचायत परिसीमन में पारदर्शिता, पुराने व जर्जर स्कूल भवनों के पुनर्निर्माण तथा घटिया सीवरेज कार्यों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई जैसी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर यह प्रदर्शन होगा। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की आवाज बुलंद करने के लिए सड़कों पर उतरेंगे। यदि सरकार ने इन मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो भविष्य में और भी व्यापक आंदोलन किए जाएंगे। बैठक में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, शक्करगढ़ मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन, जीएसएस, वीरेंद्र कुमार मीना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# किराड़ समाज की बैठक में नई कार्यकारिणी गठित, समाज विकास व शिक्षा पर लिए निर्णय



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

नला का माताजी मंदिर परिसर में रविवार को किराड़ समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज के विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

सर्वसम्मति से रामस्वरूप किराड़ गोपालपुरा को अध्यक्ष, हेमराज सुतड़ा को कोषाध्यक्ष, शंभूलाल उदपुरिया को सचिव, रमेश किराड़ भगवानपुरा को उपाध्यक्ष, रमेश शंभूपुरा को सह-सचिव और सोहन भूति को उप कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बैठक में समाज के उत्थान, युवाओं की शिक्षा और सामूहिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के संबंध में निर्णय लिए गए। इस अवसर पर भीलवाड़ा व बूंदी जिले के 12 गांवों से आए समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सेन समाज का नवरात्रि गरबा महोत्सव 23 से होगा आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सेन सेवा संस्थान द्वारा 23 से 25 सितम्बर तक हरी सेवा धाम में नवरात्रि डांडिया एवं गरबा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। रविवार को आयोजित बैठक में पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। इस दौरान सोनू सेन गोरदा, ललित सेन बनेकड़िया, महेश सेन सांवरिया, सतीश सेन, पीरु सेन, पुष्पेंद्र सेन, दीपक सेन, नवीन सेन, पवन सेन, शिवराज सेन, सुनील सेन, महेंद्र सेन, हिम्मत सेन, राहुल सेन, हेमराज सेन, बजरंग सेन, रत्नेश सेन, बलवंत सेन, नरेंद्र सेन सहित समाज के कई सदस्य मौजूद रहे।





# शाहपुरा में राजपरिवार के सदस्य शत्रुजीत सिंह का निधन, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब




**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**पेसवानी।** शाहपुरा के राजपरिवार के सदस्य एवं राष्ट्रीय स्तर के राइफल शूटर शत्रुजीत सिंह का शनिवार को नई दिल्ली में हृदयाघात से निधन हो गया। 62 वर्षीय शत्रुजीत सिंह के निधन से शाहपुरा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को शाहपुरा स्थित रामद्वारा में उनकी पुत्री त्रिशा सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में क्षेत्रवासियों के साथ कई राजघरानों के सदस्य, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और भाजपा-कांग्रेस के नेता शामिल हुए।

शत्रुजीत सिंह वन्यजीव फोटोग्राफी में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हो चुके थे। राइफल शूटिंग में उन्होंने देश का नाम रोशन किया। उन्होंने मेयो कॉलेज, अजमेर से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। इसके बाद कॉर्पोरेट जगत में कार्य करने के बावजूद उन्होंने पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में अहम योगदान दिया।

अंतिम यात्रा रेतिया पैलेस से रामद्वारा तक निकली। मार्ग में बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रामनिवास धाम के कार्यवाहक भंडारी संत नवनिधराम महाराज और संत गुरूमुखराम महाराज ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। राजपरिवार के मुखिया जयसिंह, जो शत्रुजीत सिंह के भ्राता हैं, पूरे समय परिवारजनों के साथ मौजूद रहे।

अंत्येष्टि में शाहपुरा, बनेड़ा, देवगढ़, कोटा, कोयला, अजमेर, देवलिया, उदयपुर, जोधपुर, खामोर, रामतरा, सवाई माधोपुर सहित विभिन्न राजघरानों और ठिकानों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अपने पीछे पत्नी माया सिंह और पुत्री त्रिशा सिंह को छोड़ गए हैं। आर्य समाज शाहपुरा की ओर से वैदिक मंत्रों के बीच आहुतियां दी गईं।

## QUICK BITES

### 69 वीं जिला स्तरीय खो-खो 14 वर्षीय छात्र छात्रा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**




**पेसवानी।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कजोड़िया के तत्वावधान में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय खो खो 14 वर्षीय छात्र छात्रा प्रतियोगिता का शुभारम्भ विधायक डॉ लाला राम बैरवा के मुख्य आतिथ्य एवं धर्म राज चाडा प्रधान प्रतिनिधि के सानिध्य मे में हुआ। प्रतियोगिता में भीलवाडा जिले से छात्रा वर्ग की 45 टीमो एवंम छात्र वर्ग की 14 टीमो ने भाग लिया। मुख्य तकनीकी सलाहकार देवेन्द्र सिह शक्तावत ने बताया की आज दोनो सत्रो में छात्र वर्ग के 8 मैच व छात्रा वर्ग 16 मैचों का आयोजन हुआ। उद्घाटन समारोह में नगर पालिका पूर्व चैयरमेन कन्हैया लाल धाकड सीआर प्रतिनिधि राजेश कुमावत, बासेड़ा सरपंच गोपाल धाकड़, विभागीय प्रतिनिधि हेम राज खटीक, पंचायत समिति सदस्य रामप्रसाद गोरा, भाजपा फुलिया मंडल अध्यक्ष अभिषेक कलाल उपस्थित रहे।

### 8वां निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित, 250 रोगियों की हुई जांच , 35 ऑपरेशन के लिए चयनित

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**



**पेसवानी।** डाबला गांव में रविवार को गोमाबाई नेत्रालय और समाजसेवी हेमराज जाट के सहयोग से 8वां निश्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण व जरूरतमंद लोगों को आंखों की जांच, उपचार और ऑपरेशन की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराना था, ताकि वे बेहतर दृष्टि और स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।

शिविर में 250 रोगियों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 35 रोगियों को गंभीर नेत्र विकार के चलते 15 सितंबर को गोमाबाई हॉस्पिटल, भीलवाड़ा में निश्शुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सभी रोगियों का पंजीकरण, जांच, दवा, ऑपरेशन और चश्मों का वितरण पूर्णतः निशुल्क किया गया।

समाजसेवी हेमराज गढ़वाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लगातार ऐसे शिविर आयोजित कर हजारों लोगों को आंखों की रोशनी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाना और लोगों को बड़े अस्पतालों की दूरी व खर्च से बचाना उनका प्रमुख उद्देश्य है।

शिविर के संचालन में सरपंच प्रद्युम्न सिंह राठौड़, अभिषेक जोशी, दीपक जोशी, सचिन जोशी, जगदीश सुथार, शांतिलाल जोशी, रामधन जाट, श्याम गिरी, हरिकिशन गुर्जर, दिलखुश कुमावत, शेखर सोनी और कन्हैयालाल गोदारा ने सक्रिय योगदान दिया। उन्होंने रोगियों के पंजीकरण से लेकर जांच तक की व्यवस्था सुचारू रूप से संभाली।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, जिला शाहपुरा का चुनाव संपन्न , महेश अध्यक्ष, संजीव मंत्री निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**पेसवानी।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, जिला शाहपुरा की वार्षिक कार्यकारिणी का चुनाव वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में पूरी हुई।

चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुषमा बिश्नोई, पर्यवेक्षक महेश शर्मा, विभाग संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह, जिला संगठन मंत्री शिवचरण शर्मा, सह-संगठन मंत्री सीताराम चौधरी और महिला जिला संगठन मंत्री कविता यादव की देखरेख में हुए चुनाव में विभिन्न पदों पर प्रतिनिधि निर्विरोध चुने गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुषमा बिश्नोई ने बताया कि कार्यकारिणी में महेश कुमार अध्यक्ष और संजीव कुमार मंत्री निर्वाचित हुए। सभाध्यक्ष दिनेश शर्मा, उपसभाध्यक्ष शांतिलाल पोखरण और आलोक प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत चौधरी बने। पुरुष उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत तथा महिला उपाध्यक्ष रामेश्वरी बगड़िया चुनी गईं। उपाध्यक्ष (माध्यमिक) सुरेश चंद शर्मा, उपाध्यक्ष (प्रारंभिक) सीताराम चौधरी, उपाध्यक्ष (संस्कृत) बालकृष्ण मालू बने। सचिव (माध्यमिक) ज्योति प्रकाश, सचिव (प्रारंभिक) घनश्याम मीणा, महिला सचिव प्रिया सोनी, अतिरिक्त मंत्री दिनेश लक्ष्कार, महिला मंत्री चंदा सुवालका तथा कोषाध्यक्ष मुकेश कुमावत निर्वाचित हुए।



अध्यापक, प्राध्यापक, पंचायत व कंप्यूटर शिक्षक सहित अन्य श्रेणी के प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया। उपशाखाओं में अमर सिंह चौहान (शाहपुरा), मानसिंह मीणा (जहाजपुर), दुर्गाशंकर शर्मा (कोटड़ी), रामगोपाल मीणा (फुलियाकलां) और मुकेश कुमार जोशी (बनेड़ा) निर्वाचित हुए।

चुनाव कार्यक्रम में जयकांत पत्रिया, राकेश सोनी, नयन बूल, शांति धाभाई, सुधा पारीक, नवरत्न मल बगड़िया, संजय त्रिपाठी, पंकज सोनगरा, राजेश मीणा, मनोज मीणा सहित बड़ी संख्या में जिला महासमिति सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन शर्मा ने किया।

सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अतिथियों ने बधाई दी और संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# तेरापंथ भवन में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, 38 छात्रों को मिला प्रोत्साहन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, भीलवाड़ा ब्रांच की ओर से स्थानीय तेरापंथ भवन में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। आचार्यश्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वीश्री उर्मिलाश्री जी ठाणा-4 के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम में ब्रांच अध्यक्ष सपना कोठारी के नेतृत्व में तेरापंथ समाज के 38 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साध्वी उर्मिला श्री ने कहा कि मर्यादा और अनुशासन से ही मेधा का विकास होता है। सम्यक ज्ञान और सजगता से व्यक्ति सफलता प्राप्त कर सकता है। समारोह में तेरापंथी महासभा के उपाध्यक्ष निर्मल गोखरू, सभा अध्यक्ष जसराज चौरडिया, टीपीएफ मंत्री बादल मेहता, कार्यक्रम संयोजक अंकित जैन व दीपक डांगी, आभार संयोजक सुरभी टोडरवाल, तेरापंथी सभा मंत्री योगेश चंडालिया, महिला मंडल अध्यक्ष अमिता बाबेल,



तेयुप अध्यक्ष अमित मेड़तवाल, टीपीएफ सेंट्रल जोन सहमंत्री अजय नौलखा, सेंट्रल जोन फेमिना कन्वीनर पायल बूलिया, संरक्षक अंकुर बोरदिया, भैरूलाल बापना, डॉ. एल.एल. सिंघवी, निर्मल सुतरिया, भेरूलाल बडोला, डॉ. गौतम रांका, सुखवीर बूलिया, सोनल मारू, भारत डांगी, रीना बाफना, स्वीटी नैनावटी, कीर्ति नौलखा, मीना बाबेल, दीपक रांका और अलिंद नैनावटी सहित समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# जस्सू जी का खेड़ा विद्यालय में व्याख्याता ने भेंट की एलईडी टीवी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जस्सू जी का खेड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अर्थशास्त्र के व्याख्याता हेमंत कुमावत ने विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 43 इंच का स्मार्ट एलईडी टीवी विद्यालय को भेंट किया। टीवी भेंट करने के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य नीलम शर्मा, उपप्रधानाचार्य राम प्रसाद धाकड़, गणित विशेषज्ञ नरेंद्र सिंह पंवार, वरिष्ठ अध्यापक भंवर सिंह शक्तावत, महेंद्र सिंह शक्तावत, पीटीआई कैलाश साहू, वरिष्ठ अध्यापक मुकेश मीणा, नरेंद्र सिंह, अनवर हुसैन, दुर्गालाल रेगर और दशरथ गुर्जर मौजूद रहे।



# जयकार समाज विकास संस्था ने आयोजित किया तृतीय रक्तदान शिविर, 50 यूनिट रक्त एकत्रित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अखिल राजस्थान जयकार समाज विकास संस्था, जिला शाखा द्वारा रविवार को तृतीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पद्मश्री जानकीलाल भांड के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समाजजनों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और मानव सेवा का संदेश दिया। कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जबकि 25 से अधिक रक्तदाताओं को स्वास्थ्य कारणों से रिजेक्ट कर दिया गया। जिलाध्यक्ष लादूलाल फोगा ने बताया कि शिविर में भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ के रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में युवाओं का सहयोग सराहनीय रहा। रक्त संग्रह महात्मा गांधी चिकित्सालय की प्रशिक्षित ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए अजय पाराशर, दिलीप सोनी, प्रदेश अध्यक्ष दुर्गालाल हालीमंगा, कार्यकारी अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, जिला मंत्री जगदीश प्रसाद डोगा, जिला कोषाध्यक्ष भैरूलाल रेवल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश कुमार बागड़वा, गोपाललाल बराला, दुर्गालाल चौधरी, अंकित सोपतका, रवि मानवत, कमल पोरवाड़, लक्ष्मीनारायण सगदार, हेमंत सोपतका, पवन पोरवाड़, मिठ्ठूलाल रेवल, विनोद चारण, सांवरमल कावा, लादूलाल हालीमंगा, परशुराम पोरवाड़, यशवंत चारण, राजकुमार रेवल, जगदीश खेड, सांवरमल पादवा, प्रशांत भांड, अशोक रेवल सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।



# माहेश्वरी कपल क्लब ने किया पितरों के मोक्ष हेतु हवन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब द्वारा रविवार को पितरों के मोक्ष और तर्पण के उद्देश्य से बलशाली बालाजी मंदिर, त्रिकोण पार्क, आरके कॉलोनी में हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब की महासचिव अनीता डॉ. अशोक सोडाणी और राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुमन सुरेश सोनी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने अपने पितरों की आत्मिक शांति और तर्पण के लिए हवन कर आहुतियां दीं। जिलाध्यक्ष डॉ. चेतना सुनील जागेटिया, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती कान्ता बी.एल. मेलाणा, जिला सचिव डॉ. राखी प्रमोद राठी, जिला शिक्षा सचिव इन्दिरा डॉ. भागचंद सोमानी, जिला धर्म प्रचार प्रसार सचिव सुमन बाहेती, जिला समाज सेवा सचिव जगदीश चन्द्र मूंदड़ा और कार्यक्रम संयोजक रामचन्द्र मूंदड़ा की विशेष उपस्थिति रही। हवन के बाद मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना एवं आरती की गई।



# भगवान अरिष्टनेमी-पार्श्वनाथ महामंगलकारी अनुष्ठान 21 को

## 15 सितंबर तक कराएं पंजीयन, देशभर से श्रावक-श्राविकाएं जुड़ेंगे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

विश्व शांति और खुशहाली की कामना से 21 सितंबर को आरसी व्यास कॉलोनी स्थित ग्राउंड में भगवान श्री अरिष्टनेमी और श्री पार्श्वनाथ महामंगलकारी अनुष्ठान का आयोजन होगा। कार्यक्रम राष्ट्रीय महामंगलकारी अनुष्ठान समिति व आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति के तत्वावधान में साध्वी कुमुदलता म.सा. आदि ठाणा के सान्निध्य में होगा।

पंजीयन 15 सितंबर तक ऑनलाइन व सुभाषनगर स्थानक पर ऑफलाइन कराया जा सकता है। अनुष्ठान में भाग लेने वाले श्रावक-श्राविकाओं को तीर्थंकर अरिष्टनेमी की 180 और पार्श्वनाथ भगवान की 100 माला फेरनी होगी।

रविवार को दिवाकर कमला दरबार में हुई धर्मसभा में साध्वी पद्मकीर्ति म.सा. ने क्रोध के दुष्परिणाम बताते हुए क्षमा का भाव अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रेरणादायी भजन प्रस्तुत किए गए।

इसी दौरान अग्रवाल उत्सव भवन में आयोजित 76वें अमर संयम महोत्सव में साध्वी कुमुदलता म.सा. और स्वरसम्राज्ञी डॉ. महाप्रज्ञा म.सा. ने भाग लेकर पूज्य विकसित मुनि म.सा. को आदर की चादर समर्पित की और मंगलकामनाएं दीं।




# आईएएस अधिकारियों की कमी के बावजूद 20 नव-पदोन्नत अफसरों को अब तक नहीं मिली पोस्टिंग

## 82 पद खाली, 45 पर अतिरिक्त प्रभार – नवरात्र में मिल सकता है तोहफा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

**डॉ. चेतन ठठेरा**

राज्य में आईएएस अधिकारियों की कमी लगातार प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है। एक ओर 82 पद खाली हैं और 45 आईएएस अधिकारी अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं, वहीं आरएएस से हाल ही में पदोन्नत होकर आईएएस बने 20 अधिकारियों को दो महीने बाद भी नियुक्ति आदेश का इंतजार है। सवाल उठ रहा है कि आखिर इनकी पोस्टिंग क्यों अटकी हुई है। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 16 अधिकारी 30 जून 2025 को आईएएस बने थे, जिनमें नवनीत कुमार, सुखवीर सैनी, हरफूल सिंह यादव, राजेश वर्मा, सुरेश चन्द्र, महेंद्र खींची, अजीत सिंह राजावत, अवधेश सिंह, राकेश शर्मा, जगवीर सिंह, बृजेश चांदोलिया, डॉ. हरसहाय मीणा, जुगल किशोर मीना, राकेश राजोरिया, ललित कुमार और शिवप्रसाद सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, 18 अगस्त 2025 को अन्य सेवाओं के चार अधिकारियों – नीतीश शर्मा, नरेंद्र कुमार मंघानी, अमिता शर्मा और नरेश गोयल – को 2018 बैच के तहत आईएएस पद पर चयनित किया गया। लेकिन सभी 20 अधिकारी अब भी पदस्थापन से वंचित हैं। सूत्रों के अनुसार विधानसभा का मानसून सत्र समाप्त हो चुका है और श्राद्ध पक्ष भी खत्म होने वाला है। ऐसे में अटकलें हैं कि नवरात्र के दौरान सरकार इन नए आईएएस अधिकारियों को पदस्थापन का तोहफा दे सकती है।



# वरिष्ठ पत्रकार शहजाद खान व युवा पत्रकार महेश भारद्वाज सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजधानी जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ब्यूरो मीट कार्यक्रम में भीलवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकार शहजाद खान को पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा पत्रकार महेश भारद्वाज को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से पहुंचे पत्रकारों की मौजूदगी में दोनों को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की गई। शहजाद खान को उनकी लंबे समय से निष्पक्ष पत्रकारिता और सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर सक्रियता के लिए सराहा गया, वहीं महेश भारद्वाज को भी प्रशंसा मिली। कार्यक्रम में घीसू सिंह राव, ओम प्रकाश शर्मा, नारायण मेघवाल, राकेश गुप्ता, शाहनवाज खान सहित विभिन्न जिलों के वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।



## QUICK BITES

### नारायणी माता महोत्सव : 16 सितंबर को भीलवाड़ा में , होगा विशाल रक्तदान व निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**




सामाजिक सरोकार को समर्पित सेन समाज नारायणी सेना संस्था की ओर से नारायणी माता महोत्सव पद 16 सितंबर को भीलवाड़ा के विजयवर्गीय भवन में 11वां विशाल रक्तदान शिविर और निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित होगा।

आयोजन को लेकर रविवार को कस्बे में नारायणी सेना तहसील इकाई की बैठक हुई। तहसील प्रभारी श्रवण सेन ने बताया कि संस्था प्रतिवर्ष सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यक्रम करती है। इस बार महोत्सव में नई जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह, अतिथियों व भामाशाहों का सम्मान भी होगा। रविवार को समाज के लोगों को निमंत्रण पत्र वितरित किए गए ।

### कलश यात्रा के साथ श्री नव नंदलाल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



**मानव तिवाड़ी।** कस्बे के रावला चौक स्थित श्री नव नंदलाल मंदिर में लगातार चौथे वर्ष श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। सुबह 9 बजे मंदाकिनी महादेव मंदिर से निकली कलश यात्रा पंचायत चौक, तेजाजी चौक होते हुए रावला चौक स्थित कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कथा वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक होगा। कथा वाचक राधे महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण का रसपान कराएंगे। आयोजन 20 सितंबर तक चलेगा।

### भीलवाड़ा टीम ने बनाई फाइनल में जगह

**सिविल अंतर जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डीडवाना को 3-0 से दी मात**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



पाली में चल रही नवम सिविल अंतर जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल मुकाबले में टीम ने डीडवाना को 3-0 से हराकर ट्रॉफी की ओर कदम बढ़ा दिए।

टीम के कप्तान इस्लाम कायमखानी ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल दिखाया। टीम मैनेजर लक्की ब्यावट ने जानकारी दी कि भीलवाड़ा ने पहले जालौर, सिरोही, सलूम्बर और सीकर को हराकर लगातार जीत हासिल की। खिलाड़ियों राजेश खटीक, नरेश धाभाई, फारुख पठान, राकेश पारीक, हरीश खटीक, अमित गुजर, महेश पुरोहित, उमेश खटीक, करण कुमावत और पप्पू गुर्जर के शानदार प्रदर्शन से टीम आठवीं बार राजस्थान की ट्रॉफी जीतने की प्रबल दावेदार बन गई है।

### रक्तदान शिविर में उमड़ा उत्साह, 161 यूनिट रक्त संग्रहित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री विश्वकर्मा पांचाल लौहार युवा संस्था, की ओर से रविवार को जिला मुख्यालय पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। लव गार्डन के पीछे शिव मंदिर प्रांगण में हुए इस शिविर में समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 161 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

शिविर में समाज के 161 युवाओं ने हिस्सा लेकर मानवीय मूल्यों को साकार किया। शिविर के दौरान संस्था अध्यक्ष राधेश्याम सुवाणा, उपाध्यक्ष दीपक आरजिया, दीपक चमनपुरा, कोषाध्यक्ष किशन चमनपुरा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।